आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 16.11.2024

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– एनडीए सरकार का निवेश, रोज़गार और सम्मानता का मॉडल देशवासियों की आकांक्षाओं को नई उड़ान दे रहा है।
- केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज किया, मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पुष्कर सिंह धामी आज चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।
- देहरादून के कईं हिस्सों की आबोहवा आज भी खराब श्रेणी में, राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 214 दर्ज किया गया।
- प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए सड़क दुर्घटना सुरक्षा नियमावली बनाई जाएगी।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एनडीए सरकार का निवेश, रोज़गार और सम्मानता का मॉडल देशवासियों की आकांक्षाओं को नई उड़ान दे रहा है। श्री मोदी ने एक निजी सम्मेलन में कहा कि जिस शक्ति ने भारत का भाग्य बनाया है, वो भारत के सामान्य मानवी की सूझबूझ और उसका सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया ने सोचा कि कोरोना संकट के दौरान भारत पूरे विश्व के लिए बोझ बन जाएगा, तब भारतवासियों ने अपनी मज़बूत लड़ाई से दुनिया को गलत साबित किया।

केदारनाथ उपचुनाव

विधानसभा उपचुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने अपने चुनाव प्रचार को तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पुष्कर सिंह धामी आज केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के लिए रूद्रप्रयाग पहुंचे हैं। उनका चोपता और चंद्रनगर में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के पक्ष जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। उधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने अगस्त्यमुनि के गांवों में पार्टी प्रत्याशी मनोज रावत के लिए प्रचार किया। आज कांग्रेस के समर्थन के लिए पार्टी के गोविन्द कुंजवाल और प्रीतम सिंह भी प्रचार अभियान को तेजी देंगे। गौरतलब है कि 20 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होना है। जबकि 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी।

उपचुनाव तैयारियां

केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन को सुव्यवस्थित ढंग से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर मतदान केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में व्यवस्था चाक–चौबंद करने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन में जो भी व्यवस्थाएं और तैयारियां की जानी हैं, उसको

निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशानुसार समय से पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार समाप्ति के बाद किसी भी तरह से कोई प्रचार–प्रसार न हो इस पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्र में लगातार चैकिंग अभियान चलाने को कहा ताकि कोई भी अवैध रूप से शराब की तस्करी न कर सके।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1966 में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से जुड़े सभी प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रेस की स्वतंत्रता को रेखांकित करते हुए श्री धमी ने कहा कि प्रेस किसी भी समाज का आईना होता है। जनकल्याण में प्रेस प्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रेस की आजादी के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण में भी मीडिया अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। वर्तमान दौर की विभिन्न चुनौतियों के दृष्टिगत प्रेस की भूमिका और अधिक प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो जाती है।

विराम

सड़क दुर्घटना नियमावली

प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए सड़क दुर्घटना सुरक्षा नियमावली बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिये हैं। देहरादून में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में श्री धामी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ना चिंता का विषय है और इस पर प्रभावी रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक उपायों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को देहरादून से गौचर और चिन्यालीसौड़ के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके शीघ्र संचालन के लिए निविदा और अन्य सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी करने को कहा।

वायु गुणवत्ता सूचकांक

देहरादून के कईं हिस्सों की आबोहवा आज भी खराब श्रेणी में बनी हुई है। हालांकि पिछले दिनों में वायु प्रदूषण में थोड़ा सा सुधार दर्ज किया गया है। आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक– ए०क्यू०आई 214 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार ऋषिकेश और काशीपुर में वायु गुणवत्ता श्रेणी मध्यम नापी गई है। खराब गुणवत्ता वाली वायु श्रेणी में लंबे समय तक रहने से अधिकांश लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है। जबकि मध्यम गुणवत्ता की वायु श्रेणी में फेफड़े, अस्थमा और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो सकती है।

जनजातीय विज्ञान महोत्सव

विज्ञान में क्षेत्र में राज्य की जनजातीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिये हर साल 'जनजातीय विज्ञान महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। इसके लिए उत्तराखण्ड जनजातीय शोध संस्थान को आवश्कता अनुसार

धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। देहरादून के ओ.एन.जी.सी स्टेडियम, कौलागढ़ में राज्य जनजातीय शोध संस्थान द्वारा आयोजित 'आदि गौरव महोत्सव' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की।

महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि यह कार्यक्रम जनजातीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर और गैर जनजातीय समुदाय को भी जनजातीय समाज की कला औरं संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराएगा।

निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जन प्रतिनिधियों को प्रदान किए जाने वाले प्रोटोकॉल के संबंध में एसओपी जारी करने के लिए मुख्य सचिव को निर्देशित किया है। धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से समसामयिकी विषयों पर चर्चा करते हुए सरकारी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की गरिमा के अनुकूल आमंत्रित करने, उनके प्रतिभाग करने के साथ ही बैठने की व्यवस्था सहित प्रोटोकॉल के संबंध में एसओपी जारी करने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया था।

सघन चैकिंग अभियान

प्रदेशभर में पुलिस की ओर वाहनों की जांच के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस वाहन चालकों की एल्कोमीटर के माध्यम से जांच कर रही है। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस को सघन चेकिंग अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

शंभू नदी में कृत्रिम झील

बागेश्वर जिले के कपकोट की शंभू नदी में कृत्रिम झील बन रही है। कल कपकोट से भू–गर्व, लोनिवि, सिंचाई तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम जांच के कुंवारी गांव पहुंच गई है। उपजिलाधिकारी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है।

कुंवारी गांव की पहाड़ी साल 2013 से दरक रही है, जिससे बोल्डर तथा मलबा शंभू नदी में गिर रहा है। नदी में कृत्रिम झील बनने से चमोली जिले को नुकसान की संभावना रहती है। 2022 से अभी तक तीन बार झील बन चुकी है। उपजिलाधिकारी अनुराग आर्य ने बताया कि इस बार ड्रोन की सहायता से झील की चौड़ाई, लंबाई तथा गहराई के अलावा दरक रहे पहाड़ की वीडियो तथा फोटो ली जांएगी।

कपाट बंद प्रक्रिया

बदरीनाथ धाम के कपाट कल रात 9 बजकर 7 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। धाम में कल से वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो गया है। अब गुप्तमंत्रों से बदरीनाथ की पूजाएं हो रही हैं। गौरतलब है कि 13 नवंबर से धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रियाएं शुरू हो गई थीं।

मौसम

और अब एक नज़र मौसम पर....... राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के साथ ही अब मैदानी इलाकों में भी ठंडक बढ़ने लगी है। पिछले कुछ दिनों में राज्य के मैदानी क्षेत्रों में हल्की धुंध देखने को मिल रही है। मौसम

विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। विभाग ने वाहन चालकों को आवाजाही के दौरान सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर———

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– एनडीए सरकार का निवेश, रोज़गार और सम्मानता का मॉडल देशवासियों की आकांक्षाओं को नई उड़ान दे रहा है।
- केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज किया, मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पुष्कर सिंह धामी आज चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।
- देहरादून के कईं हिस्सों की आबोहवा आज भी खराब श्रेणी में, राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 214 दर्ज किया गया।
- प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए सड़क दुर्घटना सुरक्षा नियमावली बनाई जाएगी।